संoसंo–16/एम.1–44/2025 –

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

राय अमर नाथ सहाय,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग, बिहार, पटना–800015

पटना, दिनांक–

विषयः– **कटिहार जिला में कार्यरत नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध में।**

प्रसंगः– **वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग का पत्रांक PCFC/MED/RACS/2024/ 0640/2088(25) dated 27-12-2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 05/2020 के आलोक मे बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–302(आoचिo) दिनांक–14.03.2024 द्वारा आयुष फ़िजिशियन (आयुर्वेद) को पूर्णत. औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण/जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलो मे पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0–747(आoचिo), दिनांक–19.07.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल/सदर अस्पताल/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/जिला संयुक्त औषधालयों/राजकीय औषधालयों/आयुष कॉलेज अस्पतालों में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद), सिविल सर्जन कार्यालय मे अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

विभागीय पत्रांक 1397(आ0चि0) दिनांक 20.12.2024 द्वारा नवनियुक्त चिकित्सकों/फिजिशियनो के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अविध को कतिपय शर्तों के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) द्वारा (दिनांक–20.07.2024 के अपराह्न तक या दिनांक–

20.07.2024 के पश्चात् प्रभार ग्रहण किया गया है) विनियमन की शर्तें पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत हैः–

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	वर्तमान पदस्थापन स्थल	अवधि जिनका विनियमन किया जाना है।	अवकाश उपभोग की सूचना	यदि वेतन पुर्जा निर्गत हुआ हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या/निर्गत नहीं हुआ है तो PRAN/GPF संख्या	उपस्थिति विवरणी	सेवा विनियमन के प्रकार
1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा० श्वेता, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेदिक)	सदर अस्पताल, कटिहार	दिनाक–15.03. 2024 से 21 07. 2024 तक 129 दिन	–	22112425056942	प्राप्त	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि
2	डा० रश्मि कुमारी, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेदिक)	अनुमंडलीय अस्पताल, बारसोई, कटिहार	दिनाक–16.03. 2024 से 21.07. 2024 तक 128 दिन	–	27092425052804	प्राप्त	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–16/एम.1–44/2025 –390– **(आ0चि0)/पटना, दिनांक–**10.3.2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, कटिहार/सभी संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कटिहार/अधीक्षक/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, कटिहार/संबधित सभी नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

F \PC Data\Anil\Annuji\viniyaman 20-08-2025\District by\Katihar\Letter docx